>

Title : Need to expedite the setting up of a Kendriya Vidyalaya in Faizabad, Uttar Pradesh.

डॉ. निर्मल खत्री (फ़ैज़ाबाद): केन्द्र सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत शहर फैजाबाद, उत्तर प्रदेश में आम जनता के लिए एक केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु जिला मजिस्ट्रेट फैजाबाद, उत्तर प्रदेश से भूमि या भवन उपलब्ध कराये जाने को लिखा भी गया है।

मेरा सरकार से यह अनुरोध है कि फैजाबाद जो कि मण्डलीय व जिला मुख्यालय है, की महत्ता को देखते हुए अगले सत्र से ही यह केन्द्रीय विद्यालय प्रारंभ हो सके, इस हेतु सारे आवश्यक प्रबंधन, कार्यवाही यथाशीघ्र की जाये।